समाचार

# नवनिर्मित अधिवक्ता भवन बनेगा सर्वसुविधायुक्त, कोर्ट परिसर का होगा विकास–राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का लोकार्पण, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश बिहारी घोरे का रहा गरिमामय आतिथ्य)

(आज कोरबा को मिली 25 करोड़ रू. के विकास कार्यो की सौगात)




कोरबा 24 नवम्बर 2019–राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि निगम द्वारा जिला न्यायालय परिसर में निर्मित कराए गए अधिवक्ता भवन को सर्वसुविधायुक्त व एयरकुल्ड बनाया जाएगा, साथ ही न्यायालय परिसर का समुचित रूप से विकास कार्य कराया जाएगा। उन्होने कहा कि न्यायालय परिसर क विकास के लिए प्रस्ताव शासन के समक्ष स्वीकृति हेतु भेजा गया है, जिसे शीघ्र स्वीकृत दिलाकर परिसर के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

उक्त बातें मंत्री श्री अग्रवाल ने आज नवनिर्मित अधिवक्ता भवन के लोकार्पण अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 01 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ता भवन का निर्माण कराया गया है। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेशबिहारी घोरे तथा छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल के चेयरमेन श्री प्रभाकर सिंह चंदेल के गरिमामय आतिथ्य में उक्त नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब अधिवक्ता भवन की नींव रखी गई थी, उस समय परिस्थितियां विपरीत थी, कई अवरोध सामने थे, फण्ड की कमी थी, किन्तु हमने भी ठान लिया था कि अधिवक्ता भवन बनकर रहेगा, एक विधायक के नाते मैंने तथा महापौर ने काफी प्रयास किए और आज यह अधिवक्ता भवन बनकर तैयार है। उन्होने कहा कि अधिवक्ता भवन के ऊपर एक मंजिल और बनाकर इसका विस्तार किया जाएगा, भवन एयरकुल्ड बनाया जाएगा, फर्नीचर की व्यवस्था होगी,

वाहन पार्किंग का निर्माण होगा, उन्होने इस मौके पर अधिवक्ता भवन की लाईब्रेरी के लिए 10 लाख रूपये की घोषणा भी की।

**मेरे लिए सुखद एवं गौरवशाली क्षण**–इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेशबिहारी घोरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज एक सुखद अनुभूति का दिन है, बड़ी प्रतीक्षा थी कि इस अधिवक्ता भवन में जाने का अवसर कब मिलेगा, कब यह बनकर तैयार होगा, आज वह सुखद अवसर आ चुका है, चूंकि मेरे कार्यकाल में यह भवन अधिवक्ताओं के लिए समर्पित हो रहा है, अतः व्यक्तिगत मेरे लिए भी सुखद व गौरवशाली क्षण हैं, अधिवक्तागण हमारे न्यायालय परिवार के अभिन्न अंग हैं, उन्हें सम्मान व गरिमापूर्ण ढंग से अपने कार्य संपादित करने के अवसर मिलने चाहिए। उन्होने कहा कि अधिवक्ता भवन के निर्माण में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों को मैं न्यायालय परिवार की ओर से बधाई देता हूँ।

**प्रदेश का प्रथम सर्वसुविधायुक्त अधिवक्ता भवन** – इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट बार कौंसिल के चेयरमेन श्री प्रभाकर सिंह चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल तथा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के सहयोग से नवनिर्मित यह अधिवक्ता भवन छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रथम सर्वसुविधायुक्त अधिवक्ता भवन हैं, जिसके लिए मैं बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूँ। उन्होने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इस अधिवक्ता भवन की नींव रखवायी थी, बड़े प्रयासों के बद फण्ड की व्यवस्था हुई और आज अधिवक्ता भवन के लोकार्पण का यह सुखद अवसर आया है। उन्होने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा ने हमेशा ही हम अधिवक्ताओं को अपना पूरा सहयोग दिया है, मुझे विश्वास है कि आगे भी यह सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रोहित राजवाड़े ने भी संबोधित किया, वहीं कार्यक्रम का संचालन सचिव नूतन सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर ए.डी.जे. श्री योगेश पारीक, श्री प्रवीण कुमार प्रधान, श्रीमती हिमांशु जैन, श्री श्रीनिवास तिवारी, सी.जे.एम. श्रीमती वंदना वर्मा, श्री नितेश कौशिक, श्रीमती सीमा प्रताप चन्द्रा, श्रीमती शीलूकेशरी, श्रीमती अंजली सिंह, विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सीमा जगदल्ला, लेबर कोर्ट प्रधान न्यायाधीश श्री आर.एन.पठारे, उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष श्री सी.के. अजगले, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, स्टेट बार कौंसिल के पदाधिकारी रवीन्द्र परासर, बी.के.शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, लीलाधर चन्द्रा, सी.पी.जांगड़े, भरत लुनिया, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, इस्माईल कुरैशी, देवीदयाल सोनी, सुनीता राठौर, इंदिरा कौशिक, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहान, मनहरण लाल राठौर, वीरसायं धनुवार, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, संतोष राठौर, श्यामसुंदर सोनी, सपना चौहान, अर्चना उपाध्याय, गीता गभेल, संगीता सक्सेना, अधिवक्ता संजय साह, अशोक तिवारी, डॉ.जयपाल सिंह के साथ ही अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

**साढ़े 23 करोड़ रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन** – जिला न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के साढ़े 23 करोड़ रूपये की लागत वाले 13 महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। आज जिन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया, उनमें जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत वार्ड क्र. 42 रूमगरा शासकीय स्कूल के पास केनाल के ऊपर 03 करोड़ 24 लाख 23 हजार रूपये की लागत से पूल का निर्माण, कोरबा जोनांतर्गत सुनालिया चौक के पास 05 करोड़ 53 लाख 40 हजार रूपये की लागत से 02 नग ब्रिज का निर्माण, वार्ड क्र. 30 अंतर्गत दादरखुर्द से रिंग रोड तक बाया ढ़ेलवाडीह तक 01 करोड़ 99 लाख 95 हजार रूपये की लागत से सड़क मरम्मत व डामरीकरण, कोरबा कम्प्यूटर कालेज से क्रिश्चियन कब्रिस्तान तक 01 करोड़ 99 लाख 98 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाली का निर्माण, कोरबा क्रिश्चियन कब्रिस्तान से मुड़ापार तालाब तक 01 करोड़ 99 लाख 96 हजार रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला निर्माण, वार्ड क्र. 36, 37 में 01 करोड़ 02 लाख 23 हजार रूपये की लागत से बड़ा नाला का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार राजस्व आपदा प्रबंधन अंतर्गत अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा मे 05 करोड़ रूपये की लागत से अतिआधुनिक वातानुकूलित सभागृह निर्माण एवं अन्य विकास कार्य, सर्वमंगला मंदिर गार्डन के पास 50 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, एस.ई.सी.एल. ग्रेवियार्ड के पास 50 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर में 25 लाख रूपये की लागत से गार्डन निर्माण, वार्ड क्र. 56 डगनियाखार में 25 लाख रूपये की लागत से गार्डन निर्माण, वार्ड क्र. 17 सामुदायिक भवन के पास 50 लाख रूपये की लागत से गार्डन का निर्माण तथा अमृत मिशन योजनांतर्गत वार्ड क्र. 28 विवेकानंद नगर में 67 लाख 63 हजार रूपये की लागत से उद्यान विकास कार्य आदि शामिल हैं।